

NYC HEALTH+ HOSPITALS

सभी के लिए
टीकाकरण

# COVID-19 बूस्टर शॉट्स

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

COVID-19 बूस्टर शॉट की सिफारिश उन योग्य लोगों के लिए की जाती है, जिन्हें छः महीने या उससे पहले Pfizer या Moderna COVID-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक मिली हो या जिन्हें COVID-19 के संक्रमण का अधिक जोखिम हो या COVID-19 की गंभीर बीमारी का खतरा हो जिसमें ऐसे लोग शामिल हैं जिनकी उम्र 65 वर्ष या इससे अधिक है या 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के ऐसे लोग शामिल हैं जिन्हें एकल खुराक Johnson & Johnson (J&J) का टीका दो महीने या उससे पहले प्राप्त हुआ है।

### बूस्टर शॉट क्या है?

बूस्टर शॉट वैक्सीन श्रृंखला को पूरा करने के बाद वैक्सीन की एक अतिरिक्त खुराक है और इसका उपयोग वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है क्योंकि हो सकता है कि समय के साथ सुरक्षा कम हो जाए (इसे वैनिंग प्रतिरक्षा कहा जाता है)।

### बूस्टर शॉट किसे मिल सकता है?

Pfizer या Moderna के टीकों की दूसरी खुराक प्राप्त करने के 6 महीने बाद, निम्नलिखित समूह बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं:

+ 65 या उससे अधिक उम्र के लोग
+ जो लोग नर्सिंग होम या अन्य दीर्घकालिक देखभाल सुविधा में रहते हैं
+ 18 से 64 की उम्र के ऐसे लोग जो पहले से ऐसी किसी बीमारी से ग्रस्त हैं जिसके कारण उन्हें गंभीर COVID-19 से संक्रमित होने का जोखिम बढ़ जाता है
+ 18 से 64 की उम्र के ऐसे लोग जिन्हें अपनी नौकरी (उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी और शिक्षक) रहते हैं या अक्सर आते हैं (उदाहरण के लिए, बेघरों के लिए आश्रय) के कारण COVID-19 का जोखिम है।

एकल खुराक J&J वैक्सीन प्राप्त करने के 2 महीने बाद, 18 या उससे अधिक उम्र के लोग बूस्टर शॉट के लिए पात्र होते हैं

### बूस्टर शॉट की सिफारिश क्यों की जाती है?

COVID-19 टीके अभी भी COVID-19 के कारण होने वाली गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने में बहुत प्रभावी हैं। हालाँकि, कुछ अध्ययनों से पता चला है कि Pfizer या Moderna के टीकों से होने वाले संक्रमण से सुरक्षा लगभग छः महीने बाद या J&J वैक्सीन से लगभग दो महीने बाद कम होना आरंभ हो सकती है। बूस्टर शॉट से उन लोगों को अतिरिक्त सुरक्षा मिल सकती है जिन्हें विशेष रूप से हमारे समुदायों में फैल रहे Delta संस्करण की उपस्थिति के चलते COVID-19 से संक्रमित होने या COVID-19 से गंभीर बीमारी होने का ज्यादा खतरा होता है।

### किन चिकित्सा स्थितियों से COVID-19 से गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ जाता है?

गंभीर COVID-19 के जोखिम को बढ़ाने वाली चिकित्सा स्थितियों में मधुमेह, हृदय की स्थिति, क्रोनिक किडनी रोग, पुरानी फेफड़ों की बीमारी, यकृत रोग, कैंसर, मनोभ्रंश, एचआईवी और गर्भावस्था शामिल हैं। पूरी सूची देखने के लिए देखें: cdc.gov/coronavirus/2019- ncov/need-extra-precautions/people-with-medical-conditions.html

### किसे अपने कार्यस्थल या किसी अन्य सेटिंग में COVID-19 के संपर्क में आने का खतरा ज्यादा होता है?

नौकरियाँ जो COVID-19 के संपर्क में आने का जोखिम बढ़ा सकती हैं उनमें स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी, शिक्षक, डे केयर स्टाफ और रेस्तरां और किराने की दुकान के कर्मचारी शामिल हैं। अन्य सेटिंग्स जहाँ संक्रमित होने के जोखिम में वृद्धि हो सकती है, उनमें बेघरों के लिए आश्रय और जेल शामिल हैं।

### मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे बूस्टर शॉट की आवश्यकता है?

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि आपके मन में यह सवाल है कि आपको बूस्टर शॉट लेना चाहिए या नहीं। यदि आपको प्रदाता खोजने में सहायता की आवश्यकता है, तो 311 पर कॉल करें या 212-COVID-19 (212-268-4319) पर कॉल करें और नर्स से बात करके पता लगाएँ कि आप पात्र हैं या नहीं।

जारी ▶

**क्या गर्भवती, स्तनपान कराने वाली या गर्भवती होने की कोशिश करने वाली महिलाओं को बूस्टर मिल सकता है?**

गर्भवती और हाल ही में गर्भवती लोगों में गैर-गर्भवती होने वाली महिलाओं की तुलना में COVID-19 के कारण गंभीर बीमारी विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं को COVID-19 का टीका लगाया जाना चाहिए। यदि गर्भवती महिलाएँ पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं, तो उन्हें बूस्टर प्राप्त करना चाहिए।

**बूस्टर शॉट लेने के जोखिम क्या हैं?**

कई लोगों के लिए जिन्हें Pfizer या Moderna वैक्सीन की दो खुराकें मिली हैं और J&J वैक्सीन की एक खुराक मिली है, उन्हें बूस्टर शॉट लेने से होने वाले फायदे हो सकने वाले किसी भी जोखिम कहीं गुना ज्यादा हैं। अब तक बूस्टर शॉट लेने के बाद मिली प्रतिक्रियाएँ शुरुआती खुराकों के कई प्राप्त होने वाली प्रतिक्रियाओं के समान थीं। थकावट और बांह की पीड़ा सबसे अधिक सूचित किए गए साइड इफेक्ट्स थे। अधिकांश साइड इफेक्ट्स हल्के से मध्यम थे।

**क्या बूस्टर पहली दो खुराकों वाली वैक्सीन के समान ही वैक्सीन है?**

हाँ। बूस्टर शॉट Pfizer या Moderna की पहली दो खुराकों, या J&J की एक खुराक में से प्रत्येक के समान ही वैक्सीन है। हालाँकि, Moderna बूस्टर की खुराक दी गई पहली दो खुराकों से आधी है।

**क्या मेरे बूस्टर शॉट का ब्रांड मुझे पहले प्राप्त हो चूकी वैक्सीन के ब्रांड के समान ही होना चाहिए?**

टीकाकृत लोगों को उन्हें शुरुआत में प्राप्त वैक्सीन के समान ही वैक्सीन का बूस्टर लेने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन उनके पास वैक्सीन के अन्य दो प्रकारों में से कोई भी प्रकार लगाने का विकल्प है।

**मुझे बूस्टर शॉट कब लेना चाहिए?**

पात्र होने पर आपको Pfizer या Moderna COVID-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक प्राप्त होने के छः माह या उसके बाद, या J&J COVID-19 वैक्सीन की एकल खुराक प्राप्त होने के दो महीने या उसके बाद बूस्टर शॉट लेना चाहिए।

**अगर हमें बूस्टर शॉट की आवश्यकता होती है, तो क्या इसका मतलब यह है कि टीके काम नहीं कर रहे हैं?**

नहीं। COVID-19 वैक्सीन गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने के लिए अच्छी तरह से काम कर रही हैं, यहाँ तक कि व्यापक रूप से फैलते हुए Delta संस्करण के खिलाफ भी। हालाँकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को सुरक्षा में मामूली कमी दिखना शुरू हो रही है, विशेष रूप से कुछ आबादी के बीच।

**मैं प्रतिरक्षादमनकारी हूँ और मुझे टीके की तीसरी खुराक मिली है। क्या मुझे एक बूस्टर शॉट भी मिलना चाहिए?**

18 वर्ष और इससे अधिक की आयु के मध्यम और गंभीर रूप से प्रतिरक्षादमनकारी लोग, जिन्होंने mRNA COVID-19 वैक्सीन की प्राथमिक श्रृंखला पूरी की है और mRNA वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक प्राप्त की है, वे mRNA वैक्सीन की तीसरी खुराक पूरी करने के कम से कम 6 महीने बाद एक एकल COVID-19 बूस्टर खुराक (Pfizer-BioNTech, Moderna, या J&J) प्राप्त कर सकते हैं ।

**मुझे मुफ्त बूस्टर शॉट कहाँ मिल सकता है?**

NYC Health + Hospitals सिस्टम के 11 अस्पतालों में Pfizer और J&J बूस्टर शॉट्स उपलब्ध हैं। Moderna बूस्टर शॉट्स किसी भी NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट पर उपलब्ध हैं। आपको उसी स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं है जहाँ आपको Pfizer या Moderna वैक्सीन की अपनी पहली दो खुराकें मिली हों और J&J वैक्सीन की एकल खुराक मिली हो। अपने बूस्टर के लिए NYC Health + Hospitals के किसी भी एक्यूट देखभाल अस्पताल या NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट पर जाएँ या कई भाषाओं में मदद के लिए 1-877-829-4692 पर कॉल करें।

**क्या मुझे अन्य टीके (जैसे फ्लू वैक्सीन) लगाए जाने के समय ही बूस्टर शॉट मिल सकता है?**

हाँ। अन्य टीके लगाए जाने के ही समय, या उससे पहले या बाद में कभी भी बूस्टर शॉट लेना सुरक्षित है। यदि आपको अभी तक आपका फ्लू का शॉट प्राप्त नहीं हुआ है, तो NYC Health + Hospitals के देखभाल केंद्र स्थानों पर दोनों ही उपलब्ध हैं।

**क्या मुझे पूरी तरह से टीकाकृत होने के लिए बूस्टर शॉट की आवश्यकता है?**

नहीं। दो-खुराक वाले टीके (जैसे कि Pfizer या Moderna) की दूसरी खुराक के दो सप्ताह बाद या एकल-खुराक J&J वैक्सीन के दो सप्ताह बाद लोगों को पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है।

**क्या बूस्टर शॉट्स अनिवार्य किए जाएँगे?**

स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के लिए New York राज्य टीकाकरण अधिदेश केवल पहली और दूसरी खुराक पर ही लागू होता है। अधिदेश में बूस्टर शॉट्स शामिल नहीं हैं।

**क्या बच्चों के लिए बूस्टर शॉट्स की सिफारिश की जाती है?**

नहीं। इस समय, Pfizer 5 और 11 वर्ष की आयु के बच्चों में उपयोग के लिए अधिकृत एकमात्र टीका है। 5-17 वर्ष की आयु के लोग वर्तमान में बूस्टर शॉट्स के लिए पात्र नहीं हैं।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

Published: 10/29/2021
Hindi